# कचरा वाहन पलटने से सफाई कर्मी की मौत, मर्चुरी के बाहर 4 घंटे चला धरना

### पत्नी एक किडनी के सहारे,बेटा दिव्यांग; प्रशासन और कंपनी के आश्वासन के बाद माना पीड़ित परिवार

सतना।

नगर निगम के कचरा कलेक्शन वाहन के पलटने से 38 वर्षीय सफाई कर्मचारी भैयालाल बसोर की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और मर्चुरी के बाहर ही धरने पर बैठ गए। पीड़ित परिवार ने मृतक के आश्रितों के लिए 50 लाख रुपए मुआवजा और एक सदस्य को नियमित सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान कोलगवां टीआई सुदीप सोनी और तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया भी मौके पर पहुंचे। कचरा प्रबंधन कंपनी 'रेमकी' के प्रतिनिधियों और बसपा नेता सुभाष शर्मा की मौजूदगी में लंबी वार्ता हुई। करीब चार घंटे चली गहमा-गहमी के बाद प्रशासन और कंपनी की ओर से आर्थिक सहायता व नौकरी का ठोस आश्वासन मिलने पर परिजन माने और शव लेकर रवाना हुए।



#### बेसहारा हुआ परिवार: पत्नी एक किडनी के सहारे,बेटा है दिव्यांग

भैयालाल बसोर निवासी बड़खेरा,थाना सभापुर,हाल मुकाम घूरडांग का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। घर में कमाने वाले वे अकेले थे। उनकी मौत के बाद अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मृतक की पत्नी एक ही किडनी के सहारे जिंदगी की जंग लड़ रही हैं, जबकि उनका बेटा दिव्यांग है।

#### ड्यूटी के दौरान हुआ था हादसा

जानकारी के मुताबिक,भैयालाल लंबे समय से नगर निगम के कचरा वाहन में हेल्पर के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे टिकुरिया टोला ईंट भट्टा के पास चालक की लापरवाही के कारण कचरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में भैयालाल गाड़ी के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां से गंभीर हालत में उन्हें जबलपुर रेफर किया गया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था,मैहर के पास एम्बुलेंस में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजन शव लेकर पहले कोलगवां थाना पहुंचे थे,जहां पुलिस की समझाइश के बाद शव को मर्चुरी में रखवाया गया था।

#### समझौते में क्या मिला पीड़ित परिवार को?

लंबी और मैराथन चर्चा के बाद प्रशासन और रेमकी कंपनी ने पीड़ित परिवार के लिए निम्नलिखित सहायता राशि और प्रावधानों पर सहमति जताई।

तत्काल सहायता रेमकी कंपनी 50,000 (नकद)

मुआवजा राशि रेमकी कंपनी 8,000,000 (8 लाख रुपए)

मासिक पेंशन रेमकी कंपनी पत्नी को आजीवन 8,000 प्रतिमाह

रोजगार रेमकी कंपनी मृतक के बेटे को नौकरी का आश्वासन

प्रशासनिक मदद जिला प्रशासन (रेडक्रॉस मद) 25,000 की त्वरित सहायता

बीमा क्लेम प्रशासन दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि दिलाने का भरोसा दिलाया है।

पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर लिया है। कचरा वाहन चालक की लापरवाही को लेकर पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**सतना।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है,जहाँ लगरगवां रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी शासकीय अस्पताल भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके। साथ ही आस-पास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है। यह घटना हादसा है,आत्महत्या है या फिर इसके पीछे कोई साजिश है,पुलिस इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### सतना में सपा प्रवक्ता के खिलाफ शिकायत



**सतना।** सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मणों पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में किसान नेता ईश्वर चंद्र त्रिपाठी,त्रिभुवन पांडे और संजय शुक्ला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की। वहीं,सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी की मौजूदगी में सवर्णों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### रीवा जोन में जनता के द्वार पहुंची पुलिस

**सतना।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार रीवा जोन के छह जिलों-रीवा,सतना, सीधी,सिंगरौली, मऊगंज और मैहर में "जन चौपाल-2: आपकी पुलिस आपके द्वार" अभियान चलाया गया। डीजीपी कैलाश मकवाना और आईजी गौरव राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस-जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना रहा। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा, युवाओं को साइबर फ्रॉड और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। मैहर एसपी अवधेश सिंह सहित अन्य कप्तानों ने जनता से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

### आज मनाया जाएगा 'ईद-उल-अज़हा',

**सतना।** गुरुवार को देश भर सहित स्थानीय स्तर पर अकीदत और एहतराम के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया जाएगा। इंसानियत,त्याग और भाईचारे का पैगाम देने वाला यह महापर्व हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की अजीम (महान) कुर्बानी की याद दिलाता है। इस्लामिक जानकारों के मुताबिक,यह त्योहार सिर्फ किसी जानवर की कुर्बानी देने का नाम नहीं है,बल्कि अल्लाह की रजा (रजामंदी) के लिए अपने नफ़्स (अहंकार), लालच और तमाम तरह की सामाजिक बुराइयों को कुर्बान करने का संदेश देता है। इस दिन कुर्बानी के गोश्त को तीन बराबर हिस्सों में बांटा जाता है,जिसमें से एक हिस्सा गरीबों,यतीमों और जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है,जो समाज में इंसानियत और सौहार्द की एक मिसाल पेश करता है।

**मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज़ का समय-** त्योहार के मद्देनजर शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद की नमाज़ के वक्त का ऐलान कर दिया गया है। मक्का मस्जिद सुबह 07:00 बजे,मदनी मस्जिद,नजीराबाद सुबह 07:15 बजे,जवाहर नगर मस्जिद सुबह 07:15 बजे,मरकज़ मस्जिद सुबह 07:30 बजे,अनवारुल उलूम सुबह 07:30 बजे,नूरी मस्जिद,नजीराबाद सुबह 07:45 बजे,सुन्नी नूरी जामा मस्जिद,कंपनीबाग सुबह 08:00 बजे,बरकाती मस्जिद,नजीराबाद सुबह 08:00 बजे,रजा मस्जिद,नजीराबाद सुबह 08:00 बजे,सिविल लाईन मस्जिद सुबह 08:00 बजे जामा मस्जिद,चिकाना सुबह 08:00 बजे, ईदगाह सुबह 08:30 बजे, गौसिया मस्जिद, गढ़िया टोला सुबह 8 बजे नमाज अदा की जाएगी।

---



## शॉर्ट सर्किट का तांडव: रात के अंधेरे में लगी भीषण आग, आशियाना और गृहस्थी जलकर राख

सतना।

जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलैया खुर्द में बीती रात शॉर्ट सर्किट ने भारी तबाही मचाई। बिरसिंहपुर तहसील के इस गाँव में रहने वाले भोले साकेत के घर में रात करीब 12 बजे बिजली के तारों से उठी एक चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस दर्दनाक हादसे में पीड़ित का पूरा मकान और अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। तभी अचानक इलेक्ट्रिक वायर में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग की लपटों ने पूरे घर को घेर लिया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था। पीड़ित भोले साकेत ने रुआंसे स्वर में बताया कि इस अग्निकांड में उनका आशियाना तो छिना ही,साथ ही घर में रखा अनाज,कपड़े, बर्तन और खून-पसीने की कमाई समेत पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।





#### खुले आसमान के नीचे परिवार

अचानक आई इस आपदा के बाद पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे दाने-दाने को मजबूर हो गया है। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने सभापुर थाने पहुँचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच और नुकसान के आकलन की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बंद कमरे में मिला दंपत्ती का शव, इलाके में सनसनी; पहले पत्नी का गला घोंटा, फिर पति ने लगाई फांसी!

सतना।

रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के तिवनी गांव में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक घर के भीतर अंदर से बंद कमरे में पति-पत्नी के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पत्नी का शव जहाँ बिस्तर पर पड़ा था,वहीं पति का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



#### ऐसे खुला खौफनाक वारदात का राज

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,मृतकों की पहचान रामनिवास कोरी उम्र 45 वर्ष और उनकी पत्नी शकुंतला कोरी उम्र 43 वर्ष के रूप में हुई है। इस खौफनाक घटना का पता तब चला जब रामनिवास के पिता मंगल कोरी बुधवार सुबह करीब 8 बजे खेत में काम करके वापस लौटे। पिता ने काफी देर तक अपने बेटे और बहू को आवाज लगाई,लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को इकट्ठा किया। इसके बाद मृतक के लड़के को खपरैल (छत) के ऊपर चढ़ाया गया। जब खपड़ा हटाकर अंदर देखा गया,तो कमरे का नजारा देखकर सबके होश उड़ गए। अंदर रामनिवास का शव फंदे से लटक रहा था और शकुंतला का शव बिस्तर पर निष्प्राण पड़ा था।

#### चोट के निशान नहीं, पुलिस को हत्या के बाद आत्महत्या की आशंका

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कमरे का दरवाजा अंदर से पूरी तरह बंद था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मौके पर कहीं भी खून के धब्बे नहीं मिले हैं और न ही दोनों के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे पारिवारिक विवाद या किसी अन्य कारण से उपजे तनाव में 'पति द्वारा पत्नी की गला घोंटकर हत्या और फिर खुदकुशी' का मामला मान रही है।

#### दो दिन पहले ही रीवा से लौटा था पति

सूत्रों के मुताबिक, मृतक रामनिवास रीवा में एक व्यापारी के यहाँ ट्रक ड्राइवर का काम करता था और दो दिन पहले ही अपने घर लौटा था। परिजनों के अनुसार, फिलहाल परिवार में किसी बड़े विवाद की बात सामने नहीं आई है। ऐसे में रामनिवास ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी बारीकी से तफ्तीश कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और परिजनों व पड़ोसियों से पूछताछ कर मौत के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## कुपोषण का कलंक, 5 साल की उम्र में हड्डियों का ढांचा बना पवन कटनी से मैहर अस्पताल पहुंचा मासूम, डॉक्टर बोले: जन्मजात विकृति

मैहर।

मध्य प्रदेश में महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं को धता बताती एक बेहद संवेदनशील और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। 5 साल का एक मासूम बच्चा भूख और बीमारी के कारण हड्डियों का ढांचा बनकर रह गया है। उसके शरीर का मांस पूरी तरह सूख चुका है और पसलियां साफ दिखाई दे रही हैं। अत्यधिक कमजोरी और सूखा रोग (कुपोषण) से पीड़ित इस बच्चे को जब मंगलवार को मैहर सिविल अस्पताल लाया गया,तो उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत भर्ती कर लिया।



#### कटनी से इलाज के लिए मैहर आया परिवार

जानकारी के अनुसार,5 वर्षीय मासूम पवन सिंह,पिता रमेश सिंह,मूल रूप से कटनी जिले की बरही तहसील के खतौली बंजारिया गांव का निवासी है। बच्चे की हालत लगातार बिगड़ने पर उसकी मां उषा सिंह और मामी संजू सिंह उसे लेकर मैहर सिविल अस्पताल पहुँचीं। मामी संजू सिंह ने बताया कि पवन का शरीर लगातार सूखता जा रहा है,उसकी हड्डियां बाहर निकल आई हैं और शरीर टेढ़ा हो गया है। बच्चे के गले और कंधे में हमेशा तेज दर्द रहता है। कई जगह देसी-विदेशी इलाज कराने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ,तो वे उसे मैहर लेकर आए।

#### विभागों में समन्वय की कमी, मासूमों पर आफत

सतना और मैहर अंचल के ग्रामीण इलाकों में लगातार सामने आ रहे कुपोषित बच्चों के मामलों के बीच मैहर में यह अपनी तरह का पहला मामला है,जो पड़ोसी जिले कटनी से सामने आया है। इस घटना ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी तालमेल की पोल खोल दी है। जानकारों का कहना है कि यदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,आशा कार्यकर्ताओं और कुपोषण उन्मूलन योजनाओं की नियमित निगरानी होती,तो मासूम पवन की हालत इतनी बदतर नहीं होती।

#### डॉ बोले 'जन्मजात विकृति' है मुख्य कारण

इस पूरे मामले में मैहर सिविल अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह चेस्ट वॉल डिफॉर्मिटी सिंड्रोम का मामला है। उन्होंने कहा,बच्चे में जन्मजात शारीरिक विकृति है, जिसके कारण उसकी गर्दन टेढ़ी है और हड्डियां उभरी हुई दिख रही हैं। ऐसी विकृति वाले बच्चों में कुपोषण के लक्षण अपने आप दिखने लगते हैं। फिलहाल उसे जनरल वार्ड में भर्ती कर जांच शुरू कर दी गई है। विस्तृत पैथोलॉजिकल टेस्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।फिलहाल मासूम पवन डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में है।

## नौतपा में तप रहा मैहर, 44 डिग्री तापमान से जनजीवन बेहाल, घरों से कम निकल रहे लोग, सड़कें सूनी



**मैहर।** जिले में नौतपा के साथ भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। सूरज के तीखे तेवर और हीट वेव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बुधवार को नौतपा के तीसरे दिन जिले का अधिकतम तापमान करीब 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। दोपहर होते-होते लू के थपेड़ों ने हालात और ज्यादा कठिन बना दिए। गर्म हवाओं के कारण शहर के प्रमुख चौराहों,बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही दिखाई दी। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए लोग सिर और चेहरे को कपड़ों से ढंककर बाहर निकलते नजर आए। वहीं ठंडे पेय पदार्थों,जूस और पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। दोपहर के समय सड़कें लगभग सूनी नजर आ रही हैं और लोग छांव की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। मौसम के लगातार बदलते तेवरों से लोग अब परेशान होने लगे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं ने दैनिक दिनचर्या को भी प्रभावित किया है। खासकर मजदूर वर्ग, राहगीरों और बाहर काम करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं और आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलने,ज्यादा पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। भीषण गर्मी के बीच अब लोग मौसम में बदलाव और बारिश का इंतजार कर रहे हैं,ताकि तपती गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

# अजयगढ़ में सुबह से हंगामा, मृतकों के परिजनों ने लगाया चक्काजाम, पुलिस की तत्परता से हुआ अंतिम संस्कार







पन्ना।

**कुआं हादसे में 5 लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों में रोष है। जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर और पीड़ति परिजनों को 20 लाख मुआवजा की मांग को लेकर हादसे के अगले दिन बुधवार सुबह अजयगढ़ में लोगों ने चक्काजाम कर दिया। अजयगढ़ के मुख्य चौराहे पर जाम लगने से चारों ओर वाहनों के पहिए थम गए. अजयगढ़ के मुख्य चौराहे माधवगंज में अफरातफरी का माहौल रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार तीखी बहस हुई।**

## पीड़तों के साथ उतरे ग्रामीण-

मंगलवार को ग्राम पंचायत बिहर पुरवा के ग्राम नयापुरवा में निर्माणाधीन कुआं धंसने से 5 मजदूरों की मौत हो गई थी। जिला प्रशासन व पुलिस ने एनडीआरएफ की टीमों की मदद से शवों को मिट्टी से जेसीबी की सहायता से बाहर निकाला गया. सभी का शाम को पोस्टमार्टम कराया। पीड़तों द्वारा दूसरे दिन पोस्टमार्टम करने के लिए बोला गया. रात में सागर कमिश्नर अनिल चारी, आईजी मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर उषा परमार, एसपी निवेदिता नायडू ने परिजनों से मुलाकात की. अगले दिन सुबह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पीड़तों के परिवारों के साथ अजयगढ़ के मुख्य चौराहे माधवगंज में जाम लगा दिया।

## एफआईआर दर्ज होने के बाद हुआ दाह संस्कार-

पीड़तों का कहना है कि कल दिनभर पीड़तों से जिले के अधिकारी एवं सागर जोन के अधिकारियों ने मुलाकात की और मदद का आश्वासन दिया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। 4 लाख की मुआवजा राशि से परिवार कैसे पलेगा। पीड़ति परिजन राकेश यादव ने कहा ष्हम सभी उचित मुआवजा की मांग कर रहे हैं। यदि मुआवजा नहीं मिला तो हम अंत्येष्टि नहीं करेंगे। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जिससे हमें न्याय मिले। यह जनपद प्रशासन की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाने के बाद हुआ दाह संस्कार।

## भीषण गर्मी में कई किमी लगा जाम-

जाम लगने से उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के वाहनों की आवाजाही थम गई. जाम से कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। पीड़तों का कहना है कि उन्हें 04 लाख रुपये मुआवजा दिया गया, ये नाकाफी है। उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए, क्योंकि जो 3 लोग इस हादसे में मृत हुए हैं उनकी उम्र 30-30 वर्ष है और दो लोगों की उम्र 50- 50 वर्ष है. जो 30 वर्ष के युवक हैं, उनके परिवार में उनकी बच्चियों हैं, उनका भरण-पोषण कैसे होगा। जो लोग इस हादसे के लिए दोषी हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## कूप हादसे में आखिर क्यों छोड़ा गया प्रमुख अपराधियों को महिला सरपंच सहित तीन के खिलाफ ही मामला दर्ज

कुआँ हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी परिवार जनों द्वारा आधा दर्जन दूसरों पर कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन देते हुए मांग की गई थी लेकिन प्रमुख आरोपी मुख्य कार्यपाली अजयगढ़ सतीश नागवंशी उप यंत्री विश्वकर्मा एसडीओ नायक के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है सिर्फ सरपंच सरोज पटेल, सरपंचपति संतोष पटेल और ठेकेदार रामबाबू पटेल के विरुद्ध अजयगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। लेकिन पंचायत विभाग मनरेगा के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों और इंजीनियरों को अभयदान दिया गया।' जबकि सबसे बड़े दोषी यही लोग हैं जो यह पूरा फर्जी वाडा करते हैं तथा मनरेगा की राशि लूटते हैं लेकिन उन्हें जिले के सत्ताधारी बड़े नेताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है इसलिए उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है सीईओ उप यात्री एसडीओ जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों कमाऊ पूत बने हुए हैं पन्ना जिले में अनेक अधिकारी 20-20 वर्षों से जमे हुए हैं जो नेताओं अधिकारियों की जेब भरने के लिए सहायक साबित होते हैं पीड़ति परिवार के लोगों ने 'कूप हादसे में आखिर क्यों छोड़ा गया प्रमुख अपराधियों को महिला सरपंच सहित तीन के खिलाफ ही मामला दर्ज किया जा चुका है।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गुनौर में बदइंतजामी का बोलबाला, सिर्फ दो कर्मचारियों के भरोसे सैकड़ों उपभोक्ता

गुनौर।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की गुनौर शाखा इस समय बदइंतजामी और प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत उदाहरण बनी हुई है। बैंक में न तो पर्याप्त स्टाफ है और ना ही बुनियादी सुविधाएं, जिसके कारण यहां आने वाले ग्रामीण और किसान उपभोक्ताओं को भीषड़ गर्मी में भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है।

## सिर्फ दो कर्मियों के भरोसे पूरी शाखा-

बैंक की स्थिति इतनी दयनीय है कि यह पूरी शाखा महज एक मैनेजर और एक बाबू (क्लर्क) के भरोसे संचालित हो रही है। सैकड़ों उपभोक्ताओं वाले इस बैंक में स्टाफ की भारी कमी के कारण काम की गति अत्यंत धीमी है, जिससे लोगों को अपने ही पैसे निकालने या जमा करने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ता है।

## बिजली गुल होते ही ठप्प हो जाता है कामकाज-

ग्रामीण अंचल में बिजली कटौती एक आम समस्या है, लेकिन इस बैंक के पास इससे निपटने का कोई इंतजाम नहीं है। बैंक में लगा इन्वर्टर खराब बैटरी के सफेद हाथी साबित हो रहा है, और न ही यहां जनरेटर की कोई वैकल्पिक व्यवस्था है। नतीजा यह होता है कि जैसे ही लाइट गुल होती है, बैंक के कंप्यूटर और सभी ऑनलाइन काम पूरी तरह ठप्प हो जाते हैं। दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीणों को बिना काम कराए ही खाली हाथ लौटना पड़ता है।

## ना पैसा, ना लाइट, ना स्टाफ -

उपभोक्ता परेशानउपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक में अक्सर कैश (पैसे) की किल्लत भी बनी रहती है। किसानों का कहना है कि ष्इस बैंक में ना तो समय पर पैसा मिलता है, ना लाइट रहती है और ना ही सुनने वाला स्टाफ।ष वर्तमान में यह बैंक केवल कागजी खानापूर्ति का केंद्र बनकर रह गया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से जल्द से जल्द बैंक में स्टाफ बढ़ाने और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## इनका कहना है-

स्टाफ के संबंध में आप महाप्रबंधक से बात करें -
**अमित श्रीवास्तव**
**(सी.सी.बी.मुख्यालय पन्ना)**

बैंक में लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए इनवर्टर की बैटरियां खराब है जिसकी जानकारी वरिष्ट कार्यालय को पूर्व में कई बार दी जा चुकी है स्टाफ की भी कमी है जिसकी व्यवस्था मुख्यालय से होती है जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को है।
**- वी डी शुक्ला (शाखा प्रबंधक गुनौर)**

# प्रभारी मंत्री ने कुआं हादसा में मृत श्रमिक परिवारों के सदस्यों से की भेंट

## पीड़ति परिवार को मिलेगी हरसंभव मदद



**पन्ना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को अजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा पहुंचकर गत मंगलवार को कुआं धसकने की घटना में मृत पांच श्रमिकों के परिवारजनों से भेंट की और इस दुखद घटना पर दुख जताते हुए शोकाकुल परिवार के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा कि पीड़ति परिवार की हरसंभव मदद व सहायता की जाएगी। बेटियों की शिक्षा सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी पीड़ति परिवार को मिलेगा। उन्होंने घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए तथा कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सदैव पीड़ति परिवार के निरन्तर संपर्क में रहेंगे। इस मौके पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित विधायक एवं पूर्व मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, जनपद अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर ऊषा परमार व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू भी मौजूद थीं।



# एएनएम संवर्ग में मुख्यमंत्री के नाम अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पन्ना।

संयुक्त एएनएम एशोसिएशन कर्मचारी संघ पन्ना के तत्वाधान में आज विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सोपा। संघ ने बताया एएनएम सन 1950 का पुराना कैडर है जिसे स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी के रूप में पहचाना जाता है। एएनएम द्वारा ग्रामीण अंचल दुर्गम एवं पहुंच विहीन क्षेत्र में जाकर सेवाएं दी जाती है इनके द्वारा टीकाकरण कर कई जानलेवा बीमारी एवं महामारी से गर्भवती माता एवं बच्चों को सुरक्षित किया जाता है एएनएम संवर्ग की सेवाओं के परिणाम स्वरूप ही आज मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी हुई है फिर भी एएनएम को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर इनका मानसिक एवं आर्थिक शोषण किया जा रहा है। क्योंकि जमीनी स्तर पर विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सिर्फ और सिर्फ एएनएम द्वारा ही संपादित किया जाता है जिसके लिए सम्मान और प्रोत्साहन राशि अन्य कैडर को ही दी जाती है। ज्ञापन में प्रदेश स्तर से मांग की गई की एएनएम को नर्सिंग कैडर में पुनरू वापस किया जाए एवं वेतन विसंगति को दूर कर नर्सिंग कैडर की भांति ग्रेड पे 3200 से 3400 दिया जाए इसके अलावा स्थानीय मांगों में संविदा के नाम पर एएनएम बहनों का दो माह में रोके गए वेतन का शीघ्र भुगतान किया जाए एवं समस्त संविदा एएनएम बहनों को शिक्षा विभाग की भांति सम्मिलित कर समान कार्य समान वेतन दिया जाए वर्तमान में एमडी मैडम द्वारा जारी एप्रेजल संबंधी आदेश लागू नहीं किए जाएं इसका हम सब समस्त नियमित एवं संविदा एएनएम पूर्णता विरोध कर रहे हैं एवं संविदा एएनएम को एप्रेजल से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन के माध्यम से बतलाया गया कि समयमान वेतन वृद्धि, डीए, एरियश, आईबीटी एच आर एवं काटी गई वेतन का भुगतान शीघ्र निर्धारित समय सीमा पर कराया जाए। संघ ने कहा कि एएनएम विहीन क्षेत्र में एएनएम को अपने मूल पर स्थापना से दूर उनके क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा व टीकाकरण हेतु भेजा जाता है इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित 525 रुपए प्रोत्साहन राशि से वंचित रखा जा रहा है उक्त समाधान हेतु एएनएम संगठन संविदा एवं नियमित कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विमलेश शर्मा के निर्देशन में दिया गया।

**इनकी रही उपस्थिति** - इस दौरान श्रीमती हीरा वर्मा जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी जिला अध्यक्ष राजा बाई, श्रीमती प्रीति प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव श्रीमती द्रोपती चौरसिया, कोषाध्यक्ष वंदना चौधरी, उपसचिव पूजा विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी रेखा चौरसिया, मीना सिंह, रागनी, ओमरे ,अंजू वर्मा, आरती चौरसिया, योगिता शर्मा, उषा रैकवार, प्रवक्ता पूनम प्रजापति, मनीषा चौरसिया, प्रियंका करो, अनु बागरी, राजकुमारी गौड़, सुषमा चौरसिया, जानकी, राधा पटेल संगीता चौधरी सहित काफी संख्या में एएनएम कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# पुरुषोत्तम मास में उमड़ा आस्था का महासागर, श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न

## धाम पन्ना स्थित श्री सद्गुरु धनी देवचन्द्र जी मंदिर में सात दिवसीय धार्मिक महायज्ञ, वाणी पारायण एवं सत्संग में उमड़ा सुंदरसाथ जी का जनसैलाब





पन्ना।

पुरुषोत्तम मास के परम पावन एवं दुर्लभ अवसर पर धाम पन्ना स्थित श्री सद्गुरु धनी देवचन्द्र जी मंदिर में आयोजित श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिक उल्लास एवं दिव्य वातावरण के मध्य सम्पन्न हो गया। सात दिनों तक चले इस अलौकिक धार्मिक आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे सुंदरसाथ जी ने वाणी श्रवण, सत्संग, सेवा एवं भक्ति का पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे सप्ताह मंदिर परिसर श्रीजी के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं ब्रह्मवाणी के पावन स्वर से गुंजायमान रहा। यह भव्य आध्यात्मिक आयोजन श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम के तत्वावधान में 21 मई से 27 मई 2026 तक सम्पन्न हुआ। पुरुषोत्तम मास की महिमा के अनुरूप आयोजित इस धार्मिक महायज्ञ में 151 पारायण श्रद्धापूर्वक पधराई गईं तथा ब्रह्ममुनियों द्वारा ब्रह्मवाणी का पावन वाचन किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे आत्मकल्याण एवं धर्मसाधना का दुर्लभ अवसर बताते हुए पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल विधिवत आरती, पूजन एवं श्रीजी को भोग अर्पण के साथ शुरुआत होती थी। इसके पश्चात निजनाम पाठ के साथ ब्रह्ममुनियों द्वारा वाणी वाचन प्रारंभ किया जाता था, जो निर्धारित चौपाइयों एवं पारंपरिक मर्यादाओं के अनुसार शाम तक निरंतर चलता रहता था। वाणी श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे दिन मंदिर परिसर में उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त करते रहे। भजन-कीर्तन, सत्संग, आध्यात्मिक प्रवचन एवं महाप्रसाद वितरण ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्पमालाओं एवं दीपों से सजाया गया था, जिससे संपूर्ण धाम दिव्यता एवं आध्यात्मिक आभा से आलोकित दिखाई दे रहा था। विद्वानों एवं विदुषियों ने किया महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी का सरल व्याख्यान

साप्ताहिक पारायण महोत्सव में पन्ना धाम के विद्वान एवं विदुषियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्वान पंडित खेमराज शर्मा, पुजारी देवकरण त्रिपाठी, पंडित योगेश शर्मा तथा विदुषी रंजना दुबे, कमलावती शर्मा एवं मधु शर्मा द्वारा प्रतिदिन महामति महामति श्री प्राणनाथ जी की पावन वाणी पर प्रकाश डालते हुए उसके आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व को सरल एवं सहज भाषा में श्रद्धालुओं को बताया गया। उनके प्रवचनों एवं व्याख्यानों से उपस्थित सुंदरसाथ जी भावविभोर हो उठे तथा वाणी के गूढ़ रहस्यों एवं आध्यात्मिक संदेशों का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में सेवा, सत्संग एवं पारायण का विशेष आध्यात्मिक महत्व माना गया है और इस महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति एवं सेवा का अनुपम अवसर प्राप्त हुआ।

## विशेष महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ हुआ भावपूर्ण समापन-

महोत्सव के समापन अवसर पर विशेष महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। समापन आरती ब्रह्ममुनि जयंती काका जी के वंशज राजकिशन परिवार द्वारा सम्पन्न कराई गई। प्रथम आरती कर परिवार ने श्रीजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयघोष, घंटा-घड़ियाल एवं भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा। सातों दिनों तक उपस्थित श्रद्धालु सुंदरसाथ जी ने वाणी श्रवण, सत्संग एवं सेवा के माध्यम से धर्मलाभ प्राप्त करते हुए आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता एवं धर्म जागरण का अनुपम आयोजन बताया। पुरुषोत्तम मास में आयोजित सात दिवसीय धार्मिक महायज्ञ, श्री 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव का भव्य आयोजन, 151 पारायण पधराई गईं, ब्रह्ममुनियों द्वारा ब्रह्मवाणी का पावन वचन, प्रतिदिन निजनाम पाठ एवं अखंड वाणी वाचन, विद्वानों एवं विदुषियों द्वारा वाणी का सरल व्याख्यान, भजन-कीर्तन, सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवचन, विशेष महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण देशभर से पहुंचे सुंदरसाथ जी की श्रद्धामयी सहभागिता विभिन्न धार्मिक सेवाओं में भक्तों का समर्पण भाव। श्री 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल हिम्मतनगर गुजरात, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव प्रेम शर्मा, ट्रस्टी डीके दुबे, अनिल शर्मा, प्रेम शर्मा, सिंपू शर्मा, दीपराज शर्मा, चिदानंद शर्मा, प्रबंधक आशीष शर्मा द्वारा पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सहयोग दिया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाधारियों एवं धर्मप्रेमियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन समाज में धर्म, संस्कृति, सद्भावना एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## ईदुज्जुहा पर्व पर अब 28 मई को रहेगा अवकाश

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा 27 मई 2026 को ईदुज्जुहा के घोषित अवकाश के स्थान पर अब 28 मई, गुरूवार को निगोशिएबल इन्स्ट्रमेन्ट्स एक्ट के अधीन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बीट प्रभारी देवेंद्रनगर शारदा प्रसाद राय की तत्परता से बची राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान, सुरक्षित जंगल में छोड़ा



**देवेन्द्रनगर।** वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर के बीट प्रभारी शारदा प्रसाद राय की सतर्कता एवं तत्परता से आज एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाई गई। भटका हुआ मोर कुत्तों के झुंड से घिर गया था, जिसे समय रहते रेस्क्यू कर सुरक्षित प्राकृतिक वास में वापस छोड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर अंतर्गत बीट देवेंद्रनगर के जंगल से एक वन्य जीव मोर भटककर ग्राम बड़ागांव के खेतों में पहुंच गया था। खेतों में आवारा कुत्तों के झुंड ने मोर को घेर लिया और उस पर हमले का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना तत्काल बीट प्रभारी देवेंद्रनगर शारदा प्रसाद राय को दी गई। सूचना मिलते ही श्री राय ने बिना समय गंवाए अपनी वन सुरक्षा टीम रघुवीर सिंह, राजेश सिंह यादव, तिलक सिंह यादव एवं विश्राम सिंह यादव को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंचे। बीट प्रभारी एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से अत्यंत सावधानीपूर्वक मोर का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कुत्तों को भगाकर मोर को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया गया। प्राथमिक जांच में मोर को स्वस्थ पाया गया, जिसके बाद उसे सम्मानपूर्वक उसके प्राकृतिक वास वन परिक्षेत्र देवेंद्रनगर के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस सराहनीय कार्य पर स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि बीट प्रभारी शारदा प्रसाद राय की तत्परता से आज हमारे राष्ट्रीय पक्षी की जान बच गई। वन विभाग की अपीलरू वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्रनगर शुभम तिवारी ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई वन्य जीव घायल अवस्था में या आबादी क्षेत्र में भटका हुआ दिखे तो तत्काल निकटतम वन कार्यालय या बीट प्रभारी को सूचित करें। वन्य जीवों की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### प्रयागराज से देवेंद्रनगर पहुंचे शिवम पंडा ने दिया संस्कार, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश



**देवेन्द्रनगर।** तीर्थराज प्रयागराज से जुड़े प्रख्यात हनुमान पंडा परिवार के युवा प्रतिनिधि शिवम पंडा जी इन दिनों देवेंद्रनगर एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रवास पर हैं। प्रयागराज में वर्षों से पन्ना, छतरपुर सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के हजारों परिवारों के धार्मिक संस्कार, अस्थि विसर्जन एवं कर्मकांड संपन्न कराने वाले प्रसिद्ध "हनुमान पंडा परिवार" की कई पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा आज भी लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। देवेंद्रनगर आगमन पर शिवम पंडा जी ने अपने जजमानों से आत्मीय मुलाकात करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वजों के सम्मान, परिवार की एकता और समाज में संस्कारों को जीवित रखने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु केवल अस्थि विसर्जन ही नहीं करते, बल्कि अपने पुरखों की स्मृतियों और पारिवारिक इतिहास से भी जुड़ते हैं। शिवम पंडा जी ने बताया कि उनके पंडा परिवार के पास कई पीढ़ियों से जजमानों का वंशावली लेखा सुरक्षित रखा जाता है, जिसमें परिवारों के दादा, परदादा और पूर्वजों तक की जानकारी संरक्षित रहती है। यह परंपरा भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता के दौर में जहां लोग अपने पारिवारिक इतिहास को भूलते जा रहे हैं, वहीं प्रयागराज की यह परंपरा लोगों को अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव सिखाती है।

# 5 बेटियों के पिता की गोली मारकर हत्या, जमीनी विवाद के चलते हुई घटना, 5 लोगों पर भाई ने जताई आशंका



**छतरपुर**। जिले में बढ़ रहे अपराधों में लगाम नहीं लग पा रही है आये दिन कोई ना कोई अपराधिक घटना घटित हो रही है। बढ़ते अपराधों क़े क्रम में सिटी कोतवाली के अंतर्गत ग्राम तिलवां के पंचमपुरवा में खेत में सो रहे किसान की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के भाई बालादीन कुशवाहा ने इस घटना को जमीनी विवाद बताते हुए 5 लोगों पर हत्या की आशंका जताई। बालादीन के अनुसार नंदी कुशवाहा, चिंता कुशवाहा, धनी कुशवाहा, साधू कुशवाहा, और अरविंद्र यादव द्वारा हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

मृतक के भाई बालादीन ने बताया कि उसका छोटा भाई राजाराम कुशवाहा उम्र 27 वर्ष राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था। अभी कुछ दिन पहले ही वह राजस्थान से घर आया था। क्योंकि बालादीन के अनुसार उसकी तबियत खराब थी और डॉक्टरों को दिखाने के लिए मृतक राजाराम को राजस्थान से बुलाया था। बालादीन का कहना है कि उसके भाई की हत्या 25 साल पुराने जमीनी विवाद को लेकर हुई है जमीन के बटवारे में करीब डेढ़ एकड़ जमीन का विवाद चल रहा था। घटना दिनांक की रात को ईट भट्टे में आग लगाई गई थी इसी दौरान वहां पर भटा गकरिया बनाकर सभी ने खाया और बच्चे रात को घर चले आए। मृतक राजाराम और एक भाई भट्टे के पास ही 10-10 फीट की दूरी में सो रहे थे, लेकिन रात 12 बजे 5 लोग पहुंचे और राजाराम के सिर मे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दूसरे भाई को भी निशाना बनाया गया लेकिन गोली की आबाज सुनकर वह जान बचाकर गांव की ओर भागा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही उन्होंने अपने परिवार को सुरक्षित किया और फिर पुलिस को जानकारी दी। चर्चाओं के अनुसार एक भाई रात को घटनास्थल से नदारद मिला और दूसरा भाई घर पर मिला। इन दोनों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई सतीश सिंह, एडीशनल एसपी आदित्य पटले भी पुलिस बल के साथ ग्राम तिलवां पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर परिजनों के बयान लिए। इस सनसनीखेज हत्या की घटना के बाद ग्राम तिलवां में सन्नाटा पसरा हुआ है।

बताया जा रहा है कि मृतक की 5 बेटियां है। नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सोनी भी पहुंचे और उन्होंने भी घटना की बारीकी से जांच की अब देखना यह है कि क्या वही आरोपी है जिन्हें मृतक के भाई द्वारा जमीनी विवाद को लेकर बताया जा रहा है।

### इनका कहना है -

मृतक के भाई ने 5 लोगों के नाम लेकर हत्या का आरोप लगाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला कुछ संदिग्ध लग रहा है। इस मामले के जो साक्षी है, वह सभी मृतक के परिवार के है। उनके दोनो भाईयों से भी पूछताछ की जा रही है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

**सतीश सिंह**
**टीआई कोतवाली**

## खबर संक्षेप

### स्कूटी से हो रहा था शराब का परिवहन, चैकिंग के दौरान पकड़ी 3 पेटी शराब, आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर**। पूरे जिले में अबैध शराब की बिक्री और परिवहन किया जा रहा है इसमें आबकारी विभाग और ठेकेदारों की मिली भगत का रहना बताया जाता है। अबैध शराब की बिक्री के बढते क्रम में दिन में देरी रोड़ पुलिस चौकी के पास चैकिंग के दौरान एक स्कूटी से अवैध शराब पकड़ी गई। स्कूटी में तीन पेटी अबैध शराब रखी हुई थी जिसमें एक पेटी देशी मदिरा प्लेन, एक पेटी देशी मसाल, एक पेटी बियर शामिल है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और स्कूटी वा शराब भी जप्त कर ली है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सोहित शिवहरे निवासी बगौता के रूप में की गई है। आरोपी के विरूद्व आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्व किया गया है।

### देश-विदेश में गूंजा श्री हनुमान चालीसा का पाठ



**छतरपुर**। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा मंगलवार रात सवा 8 बजे आयोजित ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा पाठ में देश के 145 जिलों के करीब 300 स्थानों से लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका से जुड़े श्रद्धालुओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल की ओर से पिछले तीन मंगलवार से चले आ रहे ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा पाठ के क्रम में इस मंगलवार मुख्य आयोजन छतरपुर की सीताराम कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में संपन्न हुआ जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। बागेश्वर धाम परिवार की ओर से उपस्थित हुए पवन मिश्रा ने बताया कि बागेश्वर धाम सरकार की साधना निर्विघ्न संपन्न होने के लिए ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया गया था। महाराज श्री की साधना सफल हुई है इसलिए इस बार फिर से यह आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे। वहीं सिद्ध स्थल श्री हनुमान टोरिया में भी रात सवा 8 बजे से हनुमान चालीसा पाठ आरंभ हुआ।श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि और राष्ट्र कल्याण की कामना की।शिष्य मंडल के सदस्यों ने बताया कि डिजिटल माध्यम से आयोजित यह धार्मिक आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोडऩे का एक अनूठा प्रयास है। देश-विदेश से जुड़े श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर सनातन संस्कृति और भक्ति की शक्ति का परिचय दिया। आयोजन के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, समाज कल्याण और धर्म रक्षा की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2.65 लाख की राशि स्वीकृत

**छतरपुर**। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2.65 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही बबली राजा परमार पिता प्रीतम सिंह परमार वार्ड नंबर 4 निवासी लिधौरा बड़ामलहरा को 30 हजार, कमलेश सोनी पिता पूरनलाल सोनी वार्ड नंबर 10 छतरपुर, वीरेंद्र कुमार यादव पिता शिवदयाल यादव वार्ड नंबर 5 पीडब्ल्यूडी स्टोर के सामने नौगांव को 50-50 हजार रुपए, संतोष राय पिता बिहारी लाल निवासी बक्सवाहा जिला छतरपुर को 65 हजार रुपए एवं राजकुमार असाटी पिता देवी प्रसाद बड़ामलहरा वार्ड नंबर 7 बड़ामलहरा जिला छतरपुर को 70 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दक्ष फार्मेसी कॉलेज में मनाई गई फेयरवेल पार्टी

**छतरपुर**। नारायणपुरा रोड स्थित दक्ष फार्मेसी कॉलेज में मंगलवार को को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बी फार्मा सेकंड ईयर के स्टूडेंट्स द्वारा कॉलेज के डायरेक्टर श्री अजय लाल जी के स्वागत से हुई। उन्होंने सभी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं ईमानदारी से सफलतम जीवन की राह दिखाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय निगम जी ने सभी सेमेस्टर के छात्रों के बीच परस्पर कड़ी को दक्ष परिवार की मजबूती एवं सफलता की पगडंडी बताया। इस दौरान कॉलेज के स्टूडेंट ने डांस परफॉर्म के साथ रंगारंग शुभारंभ किया। फाइनल ईयर के स्टूडेंट नवीन विश्वकर्मा ने कहा कि कॉलेज में बिताए पल जिंदगी में खूब याद आएंगे और फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया साथ ही कॉलेज में पढ़ाई के दौरान अपने अनुभव को साझा किया। मंच का संचालन जूनियर छात्रों ने क्रमशः किया। मिस्टर फेयरवेल नवीन विश्वकर्मा और मिस फेयरवेल रेशम कुरैशी को बनाया गया। इसके साथ ही बहुत सी रंगारंग प्रस्तुतियां हुई एवं कार्यक्रम के समापन में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय निगम जी ने स्टूडेंट्स से कहा कि अब समय आ गया है जब उनको अपने पैरेंट्स और दुनिया को गर्व महसूस करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनौतियों से भरे रास्तों पर दक्षता से चलते हुए आगे बढ़ते रहना है। और आखिर में डायरेक्टर डेवलपमेंट डॉ प्रशांत गुप्ता जी सभी को शुभकामनाएं दी।

## अवैध रेत से भरा हाईवा खनिज विभाग ने किया जप्त, मचा हड़कंप



**बमीठा**। खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रेत से भरे एक हाईवा वाहन को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग को सुबह सूचना मिली थी कि अवैध रेत से भरा हाईवा एनएच-39 मार्ग से गुजर रहा है। सूचना मिलते ही खनिज अधिकारी मुनेन्द्र सिंह हमराह बल के साथ मौके के लिए रवाना हुए और वाहन का पीछा किया।खनिज विभाग की टीम ने चंद्रनगर के पास हाईवा को रोककर जांच की, जिसमें वाहन में अवैध रूप से रेत परिवहन होना पाया गया। इसके बाद विभाग ने हाईवा को जप्त कर बमीठा थाना परिसर में खड़ा करा दिया। इस कार्रवाई के बाद अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कार्रवाई के दौरान खनिज अधिकारी मुनेन्द्र सिंह के साथ आरक्षक रामलखन पटेल एवं राममिलन सोनकिया का विशेष सहयोग रहा। खनिज विभाग ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## स्कार्पियो से आये दबंगों ने दिनदहाड़े युवक के तोड़े हाथ पैर



**छतरपुर**। जिले क़े थाना बमीठा के अंतर्गत एनएच 39 पर दिनदहाड़े एक घटना घटित हुई जिसमें एक स्कार्पियो से हमलावर फिल्मी अंदाज में उतरे और युवक रमेश रैकवार के हाथ पैर तोड़कर भाग गए घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। जिन लोगों पर आरोप लग रहे है उनमें शिवम सिंह, सत्यम सिंह उर्फ छोटू नयागांव के साथ अन्य 10,12 हमलावर शामिल रहे।

बताया जा रहा है कि यह सभी स्कार्पियो से उतर कर कट्टा लहराते हुए एनएच 39 में रोड़ के किनारे चाय की गुमटी पर बैठे रमेश रैकबार पर लोहे की रॉड, हथोड़ा से जानलेवा हमला कर दिया। रमेश के हाथ पैर कई जगह से तोड़ डाले और उसका मोबाईल व 22 हजार रूपए भी लूट कर ले गए। रमेश रैकबार 22 हजार रूपए लेबर का पैमेंट करने के लिए अपने पास रखे था। घटना की जानकारी थाना बमीठा पुलिस को दी गई और घायल रमेश रैकबार को स्वास्थ्य केन्द्र बमीठा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र में बढ रहे अपराध से चारों तरफ भय का माहौल बना हुआ है। अब गुण्डों और अपराधियो को पुलिस का भय नाम मात्र का नही रह गया है। इसलिए गुण्डे दिनदहाड़े इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। बमीठा थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे ने बताया की सत्यम सिंह उर्फ छोटू और शिवम सिंह सहित 10 अज्ञात लोगों के विरूद्व मारपीट की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्व किया गया और आरोपियों का सुराग लगाया जा रहा है।

### गाजे बाजे के साथ निकली भव्य भव्य कलश यात्रा, महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज करेंगे भागवत कथा

**नौगांव**। नगर से लगे ग्राम बिलहरी में पवित्र पुरुषोत्तम मास के चलते सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा प्रारंभ होने के पहले गुरुवार की शाम गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा बांके बिहारी मंदिर माफी कथा स्थल से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों एवं मंदिर होते हुए वापिश कथा स्थल पहुंची साथ ही भागवत महात्म के बारे में कथा श्रवण कराई गई। पावन पुरुषोत्तम मास में श्री धाम वृन्दावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज के कृपापात्र कथा व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज के श्रीमुख से श्री श्री 1008 श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन शुरू हो गया गया। जिसमें मंगलवार को कथा शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिलायें एवं युवतीयां सर में कलश रखकर शामिल हुईं। कलश यात्रा में व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज हंस कार में सवार होकर शामिल हुए।



### खजुराहो से गूंजा योग का संदेश, मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया 25 दिवसीय काउंट डाउन कार्यक्रम को संबोधित

**खजुराहो**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित 25 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि योग और खजुराहो दोनों ही भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा के संवेदनशील और गौरवशाली प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि काउंटडाउन इवेंट के माध्यम से देशभर के लाखों लोग योग से जुड़ रहे हैं और यह आयोजन स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक रजत सखलेचा सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, योग प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव मोनालिसा दास, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक प्रो. काशीनाथ समागंडी सहित योग विशेषज्ञ और विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 25 दिनों का काउंटडाउन अभियान प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, समुदाय आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और अधिक से अधिक लोगों को योग से जोडऩा है।

### ईशानगर में निकली कलश यात्रा, श्री करधइयन सरकार धाम में गूंजा जय श्रीराम का उद्‌घोष



**ईशानगर**। क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध श्री करधइयन सरकार राम नाम धाम एवं सिद्ध बब्बा कथा स्थल पर आयोजित भव्य श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ईशानगर स्थित प्राचीन रामराजा मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम एवं करधइयन सरकार के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।भव्य कलश यात्रा रामराजा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री करधइयन सरकार मंदिर, होली परिसर एवं सिद्ध बब्बा कथा स्थल पहुंची। यहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं कलश स्थापना के साथ श्री राम कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ किया गया।कथा के प्रथम दिवस पर बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री चंद्रभूषण पाठक जी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा एवं धर्म की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल राममय हो गया। इस पावन आयोजन में संत समाज सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन स्थल को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं धार्मिक ध्वजों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान संत श्री दीनबंधु दास मोनी महाराज एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री ब्रह्मदास जी बापू महाराज का सानिध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। श्री राम कथा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि तक आयोजित की जाएगी।

## एनसीएल के आरोहण समर कैंप में बच्चों का उत्साह और प्रतिभा दोनों परवान पर

### नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में 180 बच्चे मस्ती के साथ सीख रहे हुनर की एबीसीडी



नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) में चल रहे 'आरोहण समर कैंप-2026' में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और म्यूजिकल डांस में लगभग 180 नौनिहालों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है । 21 मई से 10 जून तक चल रहे इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। टेबल टेनिस प्रशिक्षण सुबह 05:30 बजे से प्रारंभ होता है और बच्चों को कोच अनिल श्रीवास्तव व दिनेश कुमार वर्मा द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। दोनों कोच कोल इंडिया की अंतर-कंपनी टीमों के खिलाड़ी रहे हैं और नियमित अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों को तकनीकी सुधार व प्रदर्शन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बैडमिंटन प्रशिक्षण नरेश पाल, पवन श्रीवास्तव व सैफ अली संचालित कर रहे हैं, जबकि डांस के लिए अनीता जगत, अलीशा तिर्के, गीता ध्रुवे व आदित्य तिवारी कोचिंग दे रहे हैं। आयोजक बताते हैं कि समर कैंप केवल खेल सिखाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास, गति, ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने का माध्यम भी है। कैंप के दौरान बच्चों में उत्साह बना हुआ है और अभिभावक इस पहल की सराहना कर रहे हैं। हर दिन अभ्यास के बाद बच्चों को पोषण-सम्पन्न स्नैक, जूस और पानी प्रदान किया जा रहा है। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष "आरोहण" समर कैंप बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जाता रहा है।

## एनसीएल ने खनन पर्यवेक्षकों हेतु तीन दिवसीय तकनीकी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिंगरौली। स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने खनन पर्यवेक्षकों हेतु तीन दिवसीय तकनीकी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनसीएल के केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान (सीईटीआई), सिंगरौली में 25 मई 2026 से 27 मई 2026 तक आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व मुख्य प्रबंधक (खनन), बीसीसीएल, सूरजीत मित्तर ने उपस्थित प्रतिभागियों को खनन पर्यवेक्षकों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, निरीक्षण की गुणवत्ता एवं वैधानिक रिपोर्ट लेखन, सेफ्टी टॉक के महत्व, टूल बॉक्स सेफ्टी टॉक तथा कार्यस्थल में सुधार हेतु क्वालिटी सर्किल तकनीक के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके साथ ही उन्होंने खान अधिनियम, सीएमआर-2017 एवं खनन नियम से संबंधित वैधानिक प्रावधानों एवं नवीनतम संशोधनों, संचार कौशल, प्रेरणा एवं निर्णय क्षमता विकसित करने, "टेक-5 फॉर सेफ्टी", पीईईपीओ आधारित परीक्षण एवं निरीक्षण, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एसएमपी), कोड ऑफ प्रैक्टिस, सुरक्षित संचालन प्रक्रियाएं एवं स्टैंडिंग ऑर्डर्स, सुरक्षा प्रबंधन में श्रमिकों की सहभागिता, वर्कमेन इंस्पेक्टर की भूमिका एवं दायित्व, व्यावसायिक स्वास्थ्य जोखिम, वैधानिक प्रावधान एवं मेडिकल सर्विलांस जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 34 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय-समय पर कर्मियों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने, तकनीकी दक्षता विकसित करने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं

## खजुराहो–पन्ना नई रेल लाइन परियोजना में काटे गए 54 हजार पेड़ के बदले दुगने से भी ज्यादा पेड़ लगाने का रेलवे का संकल्प

### पशिचम मध्य रेलवे द्वारा उच्च प्रशासनिक श्रेणी स्तर की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठित

**जबलपुर। खजुराहो–पन्ना नई रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजना है। प्रारंभिक एजेंसी द्वारा सुझाए गए एलाइनमेंट के अनुसार इस परियोजना में लगभग 54 हजार से अधिक पेड़ काटे गए, इसकी भरपाई के लिए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने प्रचलित मानकों के अनुसार दुगने से भी अधिक लगभग 01 लाख 20 हजार पेड़ लगाने का बीड़ा उठाया हैं। इसके लिए 25 करोड़ 34 लाख रूपये की राशि भी वन विभाग को जमा कर दी गयी है।** इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा उच्च प्रशासनिक श्रेणी स्तर की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठित की गई है, जो मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट रेलवे प्रशासन को प्रस्तुत करेगी।

रेल प्रशासन को प्रथम दृष्ट्या प्रतीत हुआ कि विस्तृत तकनीकी समीक्षा, भौतिक निरीक्षण एवं विशेषज्ञ मूल्यांकन के दौरान प्रारंभिक एजेंसी द्वारा प्रस्तुत एलाइनमेंट में कई गंभीर तकनीकी, सुरक्षा एवं क्रियान्वयन संबंधी समस्याएँ पाई गईं। इनमें अत्यधिक ढलान वाले अस्थिर स्थलों पर सुरंग पोर्टल, भूस्खलन का जोखिम, अपर्याप्त सुरंग आवरण, घने वन क्षेत्रों में अत्यधिक ऊँचे पुल, तीखे मोड़ तथा निर्माण एवं आपदा प्रबंधन की गंभीर चुनौतियाँ शामिल थीं। विस्तृत अध्ययन ने स्पष्ट रूप से एलाइनमेंट के पुनः डिज़ाइन की अनुशंसा की, ताकि परियोजना की सुरक्षा, व्यवहार्यता एवं दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके। परिणामस्वरूप, किलोमीटर 79.345 से 97.811 के बीच का संरेखण तकनीकी विशेषज्ञों एवं रेलवे अधिकारियों द्वारा पुनः परीक्षण के बाद संशोधित किया गया। संशोधित एलाइनमेंट से वन क्षेत्र की आवश्यकता 314.96 हेक्टेयर से घटकर 258.84 हेक्टेयर रह गई है तथा सुरंग की लंबाई लगभग 3.4 किलोमीटर बढ़ाई गई है, जिससे सतही व्यवधान कम होगा और वन क्षेत्र में पारिस्थितिकीय प्रभाव न्यूनतम रहेगा।



### परियोजना की एलाइनमेंट में बदलाव के उपरांत निम्नलिखित लाभ की अपेक्षा की गयी-

सुरक्षा एवं तकनीकी व्यवहार्यता में सुधार बेहतर सुरंग पोर्टल स्थान पुलों की ऊँचाई में कमी निर्माण एवं दीर्घकालिक रखरखाव में सुगमता सतही व्यवधान में कमी एवं पर्यावरणीय प्रभाव का न्यूनिकीकरण रेलवे प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और परियोजना की सभी गतिविधियाँ भारत सरकार के दिशा-निर्देशों, वैधानिक स्वीकृतियों एवं निर्धारित पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं। यात्री सुरक्षा, तकनीकी स्थिरता एवं पारिस्थितिकीय संतुलन इस राष्ट्रीय महत्व की परियोजना के क्रियान्वयन में सर्वोच्च प्राथमिकताएँ हैं।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज को मिला नया आरटीओ कोड, अब MP-72 से होगी वाहनों की पहचान

मऊगंज। मध्य प्रदेश शासन ने मऊगंज जिले को नया आरटीओ कोड जारी कर दिया है। अब मऊगंज जिले में खरीदे जाने वाले नए वाहनों का पंजीयन MP-72 सीरीज से किया जाएगा। इस फैसले के बाद जिले के वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों पर अलग पहचान मिलेगी और जिले की प्रशासनिक पहचान भी और मजबूत होगी। हालिया स्थानीय रिपोर्ट्स में MP-72 को मऊगंज के लिए आवंटित किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब तक मऊगंज जिले के वाहन रीवा या अन्य संबंधित आरटीओ कोड से पंजीकृत होते थे, लेकिन अब जिले के लिए अलग कोड जारी होने से वाहन पंजीयन प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। नई बाइक, कार या अन्य वाहन खरीदने वाले लोगों को अब MP-72 नंबर आवंटित किया जाएगा।इस निर्णय से जिलेवासियों में खुशी का माहौल है। अलग आरटीओ कोड मिलने से मऊगंज को प्रशासनिक रूप से नई पहचान मिलेगी और परिवहन विभाग के कामकाज में भी तेजी आने की उम्मीद है।

### घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें - डॉ. त्रिपाठी

रीवा। जिले में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ जाती है। रात 8 बजे तक गर्म हवाओं का असर रहता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ और कच्चे आम का पना के उपयोग से भी लू से बचाव होता है।

### श्रमोदय मॉडल आईटीआई नीलबड़ भोपाल में प्रवेश के लिये आवेदन आमंत्रित

रीवा । म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत हितग्राहियों के आश्रितों के लिए संचालित श्रमोदय मॉडल आईटीआई मुगालिया छाप, नीलबड़, भोपाल में सत्र 2026-27 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्थान में विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण (हॉस्टल सुविधा सहित) प्रदान किया जायेगा। संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं रोजगारपरक ट्रेडों में एक वर्षीय ट्रेडों में वेल्डर, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट सिटी) फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी तथा इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। दो वर्षीय ट्रेडों में इलेक्ट्रीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट, टेक्नीशियन मेकाट्रानिक्स तथा एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन संचालित किए जा रहे हैं। श्रमपदाधिकारी ने बताया कि प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है ताकि वेल्डर ट्रेड हेतु 8वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में 10वीं/8वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, नवीन पासपोर्ट आकार फोटो तथा संलग्नीकरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवश्यक होगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलतें हैं 25 हजार

रीवा। सड़क दुर्घटनाओं तथा इनमें होने वाली असमय मौतों को रोकने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत सड़क दुर्घटनाओं की मानीटरिंग तथा तत्परता से राहत और बचाव के लिए ई डॉर पोर्टल शुरू किया गया है। दुर्घटना पीड़ितों को निर्भय होकर तत्परता से सहायता पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए लागू राह-वीर योजना से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। यह योजना मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है।

---

### नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं - मुख्य सचिव

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

रीवा।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स सुशासन पर ध्यान दें। आमजनता के कल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराएं। कोई भी शिकायत 50 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत कराएं। इन प्रकरणों में समय सीमा में कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। बारिश शुरू होने से पहले बाढ़ राहत तथा आपदा प्रबंधन की समीक्षा कर लें। अतिवृष्टि की स्थिति में राहत शिविर बनाने तथा बाढ़ से राहत और बचाव के सभी प्रबंध कर लें। किसी भी स्थिति में जन-धन की हानि न्यूनतम रखने का प्रयास करें। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित करके यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। सड़कों से ब्लैक स्पाट कम करने और दोपहिया वाहन में हेलमेट की अनिवार्यता से ही बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली असयम मौतों को रोका जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष के 9 महीनों में सड़क दुर्घटना तथा होने वाली मौत में कमी आई है। ई डॉर पोर्टल पर दुर्घटना की जानकारी तत्काल दर्ज कराएं। दुर्घटना होने पर प्रधानमंत्री राहत योजना से पीड़तिों को उपचार की निःशुल्क सुविधा दें। राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। दुर्घटना पीड़तिों को समय पर मदद देकर हम उनकी जान बचाने का पुण्य कार्य करते हैं। कलेक्टर्स खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। इन पर लगाए गए जुर्माने की राशि की कठोरता से वसूली करें।मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स खेती तथा उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें। मध्यप्रदेश की जीएसडीपी में खेती का योगदान पिछले 10 सालों में बढ़कर 43 प्रतिशत हो गया है। खेती के साथ-साथ पशुपालन और मछलीपालन का भी तेजी से विकास हो रहा है। मछलीपालन की केजकल्चर योजना में एक लाख 70 हजार से अधिक आवेदन पत्र मिले हैं। मछलीपालन बढ़ने के साथ-साथ इनके विपणन और सुरक्षित भण्डारण की भी व्यवस्था कराएं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मुख्य रूप से खेती पर ही आधारित हैं। स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों का निर्माण कराएं जिससे स्वरोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ किसानों को उनके उत्पादों के अच्छे दाम मिलें। खाद वितरण के लिए सभी जिलों में ई विकास सिस्टम लागू कर दिया गया है। अब केवल ई टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि गेंहू का उपार्जन लगभग पूरा हो गया है। प्रदेश में 101 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन हुआ है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को 5 जून तक उपार्जित गेंहू की राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में 30 जून तक जल संरक्षण के सभी कार्य पूरे कराकर पोर्टल पर दर्ज कराएं। मनरेगा योजना से भी स्वीकृत 31975 निर्माण कार्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरे करा दें। इसके बाद एक जुलाई व्हीबीजीरामजी योजना लागू हो जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए हैं। कलेक्टर्स इनके लिए आवश्यक जमीनें उपलब्ध कराएं। भारत औद्योगिक विकास योजना भव्य के क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में मुख्य सचिव ने शहरी क्षेत्र की प्रधानमंत्री आवास योजना, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, जलाशयों में पर्यटकों की सुरक्षा, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, नशे तथा मिलावट के विरूद्ध अभियान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं हिरण्यगर्भा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नरवाई प्रबंधन, दूध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों, क्षीरधारा योजना तथा अमृत योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने एनकोर समिति की बैठकों, आपदा प्रबंधन, त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा संभागीय अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी डीएफओ लोकेश निरापुरे तथा अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

---

## उप मुख्यमंत्री ने एयर एम्बुलेंस एमपी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का किया शुभारंभ

### एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज गति से होगी संपन्न




रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ₹एयर एम्बुलेंस एमपी₹ पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता हेतु रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा गंभीर एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्डधारकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को निःशुल्क एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों से दूरी एवं आर्थिक स्थिति जीवनरक्षक उपचार में बाधा नहीं बने। सेवा के संचालन के लिए भोपाल में 24न7 एयर मेडिकल ऑपरेशन व्यवस्था स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत एक फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट ₹बीचक्राफ्ट किंग एयर सी -90₹ तथा एक मल्टी इंजन हेलीकॉप्टर ₹एडबल्यू -109₹ लगातार स्टैंडबाय पर उपलब्ध हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्णवाल, आयुक्त स्वास्थ्य धनराजू एस, फ्लाईओला एविएशन के सीएमडी एस. राम ओला और फ्लाईओला एविएशन की डायरेक्टर कॉर्पोरेट अफेयर्स डॉ. मोनिका तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

### ब्राह्मण समाज की बेटियों पर विवादित वीडियो बनाने का मामलाः चार माह पुरानी एफआईआर पर कार्रवाई, हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिलने के बाद पुलिस ने की गिरफ्तारी

# बघेली कलाकार मनीष पटेल गिरफ्तार

रीवा।



विंध्य क्षेत्र के चर्चित बघेली कलाकार एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष पटेल को पुलिस ने चार माह पुराने विवादित वीडियो प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा वीडियो कंटेंट प्रसारित किया था, जिसे लेकर ब्राह्मण समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि वीडियो में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक एवं विवादित टिप्पणी प्रस्तुत की गई थी, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुईं। मामले के सामने आने के बाद रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में यह विषय चर्चा का केंद्र बना रहा था। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपे थे तथा संबंधित कलाकार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मनीष पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही मामले को लेकर लगातार सामाजिक संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों द्वारा कार्रवाई की मांग उठाई जा रही थी। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए मनीष पटेल ने न्यायालय की शरण ली थी और अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि उन्हें वहां से राहत नहीं मिली। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया उक्त कंटेंट सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला था तथा इससे एक वर्ग विशेष की महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों ने लगातार विरोध दर्ज कराया और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए थे। इस बीच विवाद बढ़ने के बाद मनीष पटेल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से उक्त वीडियो हटाने की जानकारी दी थी। साथ ही सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी गई थी। बावजूद इसके शिकायतकर्ताओं ने कानूनी कार्रवाई जारी रखने की मांग की थी, गिरफ्तारी के बाद आरोपी न्यायालय पेश किया गया।

---

## जिले में कांग्रेस के नवीन भवन का हुआ शिलान्यास, प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने रखी आधारशिला



रीवा। शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित कांग्रेस के नवीन भवन निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत बुधवार को विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुई। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश और स्थानीय नेतृत्व की उपस्थिति में नए भवन की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। काफी समय से भवन विहीन स्थिति का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी को अब रीवा में अपना स्थायी कार्यालय मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नए भवन के निर्माण से संगठनात्मक गतिविधियों को एक नई दिशा और मजबूती मिलेगी। जानकारी के अनुसार, रीवा में कांग्रेस पार्टी का पूर्व में अपना भवन मौजूद था, लेकिन कई वर्ष पहले भवन जर्जर होने के कारण धराशायी हो गया था। इसके बाद लंबे समय तक भवन की जमीन खाली पड़ी रही और पार्टी की गतिविधियों के संचालन के लिए स्थायी कार्यालय का अभाव बना रहा। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्थानों से संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करनी पड़ती थीं। नए भवन के निर्माण को लेकर बीते कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस दौरान कई जिला अध्यक्ष बदले, लेकिन भवन निर्माण की योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी। वर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा द्वारा इस दिशा में पहल करते हुए भवन निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों को गति दी गई, जिसके परिणामस्वरूप बुधवार को भवन का शिलान्यास संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य कमलेश्वर पटेल, एआईसीसी सह सचिव रणविजय लोचन, महापौर अजय मिश्रा बाबा तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।पार्टी नेताओं ने बताया कि नए कांग्रेस भवन का निर्माण पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के सहयोग से किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए एक सशक्त संरचना और स्थायी कार्यालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नए भवन के निर्माण से संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार मिलेगा और कार्यकर्ताओं को एक स्थायी मंच उपलब्ध होगा। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा की तुलना गंभीर बीमारी से करते हुए प्रदेश सरकार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल पर भी हमला बोलते हुए प्रदेश एवं रीवा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े किए और व्यवस्था को बदहाल बताया।कांग्रेस के नए भवन के शिलान्यास से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

---

### रीवा में शराब माफियाओं का 'रिटर्न गिफ्ट' जहां हुई थी कार्रवाई वहीं फिर सज गई अवैध शराब की दुकान

रीवा। जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को लेकर एक बार फिर माहौल गर्म हो गया है। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह पर कुछ समय पहले पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की थी, उसी स्थान के सामने अब फिर खुलेआम शराब बिकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है कि आखिर कार्रवाई के बाद भी शराब कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा लग रहा है मानो कार्रवाई सिर्फ फोटो और कागजों तक सीमित रह गई हो, क्योंकि जमीनी हकीकत में शराब का कारोबार फिर उसी रफ्तार से दौड़ता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर खुलेआम शराब बिक्री होती नजर आ रही है, जिसके बाद लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा इस बात की भी है कि बिछिया थाना क्षेत्र में आईपीएस अधिकारी की मौजूदगी के बावजूद यदि अवैध शराब कारोबार दोबारा उसी जगह शुरू हो गया, तो फिर बाकी इलाकों की स्थिति कैसी होगी। कई लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि "रीवा में अवैध शराब कारोबारियों का आत्मविश्वास इतना मजबूत है कि कार्रवाई के बाद भी दुकानें फिर टाइम से खुल जाती हैं।" ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सख्ती की खबरें तो खूब सुनाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर शराब माफिया फिर सक्रिय हो जाते हैं। कुछ लोग यह सवाल भी उठा रहे हैं कि आखिर इतनी तेजी से दोबारा कारोबार शुरू होने के पीछे किसका संरक्षण है। हालांकि क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि संभव है थाना प्रभारी को इसकी जानकारी ही न हो और पर्दे के पीछे यह खेल संचालित किया जा रहा हो। वायरल वीडियो के बाद अब लोगों की निगाहें जिला पुलिस प्रशासन पर टिक गई हैं। आमजन यह जानना चाहते हैं कि क्या इस बार सिर्फ कार्रवाई की खबर बनेगी या वास्तव में अवैध शराब

---

## पश्चिम एशिया में फिलहाल संघर्ष विराम सुखद लेकिन अमेरिकी जवाबदेही सुनिश्चित हो : अजय खरे

### गुटनिरपेक्ष आंदोलन को मजबूत करके भारत तीसरी दुनिया की अगुवाई करे

रीवा ।

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि अमेरिका ईरान के बीच इधर 24 मई से हुए 60 दिन के युद्ध विराम के लिए विश्व जनमत की अहम भूमिका है। इसके अलावा युद्ध में अमेरिका को लेकर नाटो और यूरोपीय संघ में असहमति के स्वर मुखर होना, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिकी सीनेट में कमजोर पड़ना, वहां की जनता के द्वारा युद्ध के खिलाफ आवाज उठाना और ईरान का मजबूत प्रतिकार आदि के प्रभाव से संघर्ष विराम को स्वीकारा गया। श्री खरे ने बताया कि अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने से पहले फरवरी 2026 में होर्मुज जलडमरूमध्य (**Strait of Hormuz**) अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आवागमन के लिए पूरी तरह से खुला हुआ था। यहां ईरान की किसी तरह की दखलंदाजी नहीं थी, ना ही किसी तरह की वसूली। अमेरिका और इजरायल के द्वारा संयुक्त रूप से ईरान पर अचानक किए गए हमले एवं वहां के प्रमुख धार्मिक नेता खोमेनेई के मारे जाने के बाद परिस्थितियों में काफी बदलाव देखने को मिला। अमेरिकी नापाक इरादों को देखते हुए ईरान ने अपनी अस्मिता बचाने होर्मुज की नाकेबंदी शुरू कर दी। अमेरिका और इजरायल का षड़यंत्र था कि वे किसी भी तरह होर्मुज पर कब्जा करके न केवल मध्य पूर्व एशिया के तेल व्यापार पर सीधा नियंत्रण रखेंगे बल्कि ईरान को भी अपने अधीन बनाएंगे। लेकिन ईरानी जांबाज लोगों ने ऐसा होने नहीं दिया। यह बात काबिले तारीफ है कि छोटा देश होते हुए भी ईरान ने महाशक्ति संपन्न अमेरिका के हमलों का लगातार जवाब दिया। थोपे गए इस युद्ध को लेकर विश्व जनमत ईरान के साथ रहा। इसके चलते नाटो और यूरोपीय संघ में भी फूट पड़ गई। आखिरकार अमेरिका ईरान से बातचीत करने के लिए मजबूर हुआ। हार्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्गों में से एक है, जिस पर युद्ध छिड़ने के बाद से प्रतिबंधों और तनावों का सीधा असर पड़ा है। ईरान को घेरने के लिए अमेरिका ने जब हार्मुज की नाकेबंदी शुरू की तो मजबूर होकर ईरान को समुद्र मार्ग में सुरंग एवं हार्मुज पर अपना नियंत्रण बनाना पड़ा। इसे लेकर ईरान को दोषी ठहराना, खलनायक बनाना कतई सही नहीं है। श्री खरे ने कहा कि ईरान पर थोपे गए युद्ध के कारण पूरी दुनिया में अशांति और युद्ध आतंक का माहौल बना। इससे भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में पेट्रोलियम ऊर्जा के संसाधनों को लेकर बहुत अधिक चिंता के साथ संकट और अराजकता देखने को मिली। श्री खरे ने कहा कि भारत शुरू से विश्व शांति का पक्षधर रहा है। अमेरिका ने हमेशा भारत को नीचा दिखाने का काम किया है। मौजूदा दौर में अमेरिका की युद्ध अपराधी देश जैसी भूमिका है। इसे लेकर उससे अशांति और महंगाई का हर्जाना वसूला जाना चाहिए। श्री खरे ने कहा कि विश्व जनमत तैयार करने में भारत की बड़ी भूमिका हो सकती है। यदि मध्य पूर्व युद्ध का शुरू में विरोध किया जाता तो काफी पहले शांति का माहौल बन सकता था। किसी भी देश के दवाब से मुक्त रहते हुए भारत को गुटनिरपेक्ष नीति पर कायम रहना है। तमाम महा शक्तियों की साम्राज्यवादी नीतियों का विरोध करते हुए तीसरी दुनिया की ताकत को मजबूत बनाना होगा।

---

## अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़, चिकित्सकों ने जारी की एडवाइजरी

### *बीएमओ डॉ. आरके पाठक ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील

मऊगंज



जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। तापमान बढ़ने के साथ ही उल्टी-दस्त, बुखार, डायरिया, पीलिया, टायफायड और डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसका असर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में साफ देखने को मिल रहा है, जहां इन दिनों मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी में थोड़ी सी लापरवाही गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी के बीएमओ डॉ. आरके पाठक ने बताया कि इस मौसम में दूषित पानी, बासी भोजन, खुले में रखे खाद्य पदार्थ और स्वच्छता की कमी के कारण बीमारियां तेजी से फैलती हैं। खासकर छोटे बच्चे गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं। उन्होंने कहा कि उल्टी-दस्त होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे मरीज डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराना चाहिए।

डॉ. पाठक ने लोगों को सलाह दी कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि जरूरी काम हो तो सिर को गमछा, टोपी या रूमाल से ढंककर निकलें तथा सूती कपड़े पहनें। वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

उन्होंने यह भी बताया कि तले-भुने खाद्य पदार्थों और नशे से दूरी बनाकर रखें। बच्चों को ताजे फल, नींबू पानी, शरबत और ओआरएस का घोल देना फायदेमंद होता है। छुट्टियों में बाहर से आए बच्चों के खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि किसी को उल्टी, दस्त या तेज बुखार जैसी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।